**Doon Public School Bhuj**

**Sub: Hindi** **Class: VI**

**Practice Sheet 1** **Date:05/05/2020**

**प्र:1 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए |**

एक बार रेगिस्तान में एक आदमी दस ऊँटों को लेकर जा रहा था | कुछ मील चलकर वह एक ऊँट पर बैठ गया और बाकी ऊँटों को गिनने लगा | पूरे नौ थे | वह घबराकर उतर गया और दसवे ऊँट की खोज में वापस गया | जब ऊँट कहीं नहीं दिखा तो उसने सोचा कि वह खो गया | ढूँढना बंद कर वह हैरान और दुखी वापस लौटा तो देखा कि पूरे दस ऊँट खड़े हैं | उसकी ख़ुशी का ठिकाना न रहा | वह एक ऊँट पर चढ़कर खुशी-खुशी आगे बढ़ा | कुछ ही दूर जाने पर उसने सोचा कि चलो, एक बार फिर ऊँटों की गिनती कर ली जाए | फिर नौ निकले | वह हैरान था कि माजरा क्या है ? वह फिर खोए हुए ऊँटों को ढूँढने निकला , लेकिन वह नहीं मिला | वह जल्दी-जल्दी वापस आया तो देखा कि दासों ऊँट धीरे-धीरे चले जा रहे हैं | उसे ताज्जुब हुआ | उसने सोचा कि रेगिस्तान की गरमी की वजह से कुछ गड़बड़ी हो रही है और वह सबसे पीछे वाले ऊँट पर सवार हो गया | फिर उसने तीसरी बार ऊँटों को गिना | उसे समझ नहीं आया कि एक ऊँट अभी भी कम क्यों है | उसे शैतान की करामात समझ कोसता हुआ वह नीचे उतरा और एक बार फिर ऊँटों की गिनती की तो पूरे दस थे | उसने कहा, "मैं पैदल ही चलता हूँ, जिससे मेरे सारे ऊँट सलामत रहें | ऊँट पर सवारी करके मई अपना एक ऊँट क्यों खोऊँ ?"

क) आदमी ने कुल कितनी बार ऊँटों को गिना ?
ख) आदमी ने परेशानी का कारण किसे माना ?
ग) ऊँटों की संख्या कभी दस और कभी नौ क्यों हो जाती थी ?
घ) गद्यांश में से दो सर्वनाम और दो विशेषण शब्द छाँटकर लिखिए |
ङ) अंत में उस आदमी ने क्या कहा ?

**प्र:2 नीचे दिए गए शब्दों के तीन-तीन पर्यायवाची शब्द लिखिए |**

क) अन्धकार-
ख) स्त्री-
ग) बाग-
घ) हवा-
ङ) पृथ्वी-
च) आँख-

**प्र:3 नीचे दिए गए शब्दों के तीन-तीन अनेकार्थी शब्द लिखिए |**

क) उत्तर-
ख) आम-
ग) कनक-
घ) घन-
ङ) घट--
च) गुरु-

**प्र:4 नीचे दिए गए शब्दों के विलोम शब्द लिखिए |**

क) अंत-
ख) उपकार-
ग) निर्मल-
घ) जय-

ङ) अधिक-
च) कटु-

**Answer-key**

**प्र:1 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए |**

**क) तीन बार**

**ख) आदमी ने परेशानी का कारण रेगिस्तान की गरमी को माना |**

**ग) ऊँटों की संख्या कभी दस और कभी नौ हो जाती थी क्योंकि वह कभी एक ऊँट पर बैठकर ऊँटों को गिनता तो कभी उस पर से उतर कर |**

**घ) सर्वनाम- वह, उसे** **विशेषण- खुशी , दस**

**ङ) उसने कहा, "मैं पैदल ही चलता हूँ, जिससे मेरे सारे ऊँट सलामत रहें | ऊँट पर सवारी करके मई अपना एक ऊँट क्यों खोऊँ ?"**

**प्र:2 नीचे दिए गए शब्दों के तीन-तीन पर्यायवाची शब्द लिखिए |**

**क) अन्धकार-अन्धेरा, तम, तिमिर**
**ख) स्त्री- नारी, महिला, औरत**
**ग) बाग- बगीचा, वाटिका, उपवन**
**घ) हवा- वायु, पवन, समीर**
**ङ) पृथ्वी- भूमि, भू, धरा**
**च) आँख- नेत्र, नयन, लोचन, चक्षु**

**प्र:3 नीचे दिए गए शब्दों के तीन-तीन अनेकार्थी शब्द लिखिए |**

**क) उत्तर- एक दिशा, पीछे, जवाब**
**ख) आम- एक फल, सामान्य, मामूली**
**ग) कनक- सोना, धतूरा, गेहूँ**
**घ) घन- बादल, हथौड़ा, अधिक बड़ा**
**ङ) घट- घड़ा, शरीर, हृदय**
**च) गुरु- बड़ा, महान, शिक्षक**

**प्र:4 नीचे दिए गए शब्दों के विलोम शब्द लिखिए |**

**क) अंत- आदि**
**ख) उपकार- अपकार**
**ग) निर्मल- मलिन**
**घ) जय- पराजय**
**ङ) अधिक- न्यून (कम)**
**च) कटु- मधुर**